महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय
Mahatma Gandhi Antarrashtriya Hindi Vishwavidyalaya
(संसद द्वारा पारित अधिनियम 1997, क्रमांक 3 के अंतर्गत स्थापित केंद्रीय विश्वविद्यालय)
(A Central University Established by Parliament by Act No. 3 of 1997)

ज्ञान शांति मैत्री

AJIT SINGH Ex DIG (CISF)
अजीत सिंह
FINANCE OFFICER
वित्ताधिकारी

दूरभाष/Phone : + 91-7152-230 906
फैक्स/Fax : + 91-7152-232 946

क्र : 002/2009/सीएनपीएस/99/2011
दिनांक : 10.08.2011

परिपत्र

केंद्रीय सरकार द्वारा दिनांक 01.01.2004 से नई पेंशन प्रणाली (एनपीएस) लागू की गई है। विश्वविद्यालय के वे सभी कर्मचारी, जो दिनांक 01.01.2004 को या उसके बाद सीधे भर्ती हुए हैं, नई पेंशन प्रणाली के अंतर्गत आते हैं। महत्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय का पंजीकरण सेंट्रल रिकार्डकीपिंग एजेंसी (सीआरए, एनएसडीएल) में हो चुका है। अतः वे सभी कर्मचारी जिनकी नियुक्तियाँ 01.01.2004 या उसके बाद हुई है, के पंजीकरण हेतु विश्वविद्यालय की वितानस्थली (वेबसाइ) एवं वित्त विभाग में उपलब्ध फॉर्म (एस1 फॉर्म) को भरकर वित्त विभाग में श्री विजय यादव के पास निम्नलिखित दस्तावेजों के साथ जमा करें-

1. सेवा अभिलेख के अनुसार जन्म तिथि का प्रमाण पत्र।
2. नियुक्ति पत्र की प्रतिलिपि और नियुक्ति की तारीख।
3. पेन कार्ड की छायाप्रति।
4. दो रंगीन फो‍ो (3.5सेमी *x* 2.5सेमी) हल्के बेकग्राउंड कलर के साथ।
5. चैक की प्रतिलिपि, जिसमें *MICR* कोड अंकित हो।

<u>फॉर्म को भरने हेतु सामान्य निर्देश</u>

1. फॉर्म को बड़े अक्षरों में एवं काली स्याही द्वारा भरा जाए।
2. फॉर्म को भरते एवं नामांकन करते समय किसी भी प्रकार की कां‍-छां‍ स्वीकृत नहीं है।
3. फॉर्म में उसी स्थायी पते का उल्लेख किया जाए, जो सेवानिवृत्ति के बाद भी जारी रहे।
4. फॉर्म में उसी बैंक खाता संख्या का उल्लेख किया जाना है जो कि सेवानिवृत्ति के बाद भी जारी रहने की संभावना हो। यह आवश्यक नहीं है कि वेतन वाले खाते का ही उल्लेख किया जाए।
5. फॉर्म के सेक्शन 'डी' को कर्मचारी द्वारा नहीं भरा जाना है।

वित्त विभाग में उपलब्ध अभिलेख के अनुसार जो कर्मचारी एनपीएस (NPS) के अंतर्गत आते हैं उनकी सूची साथ में संलग्न है। अन्य जानकारी के लिए वित्त विभाग में श्री विजय यादव से संपर्क किया जा सकता है।

सभी से अनुरोध है कि दिनांक 31.08.2011 तक आवश्यक कार्यवाही करें।

(अजीत सिंह)

संलग्न : उपरोक्तानुसार।
प्रतिलिपि : सभी विद्यापीठ/विभाग/अनुभाग/सूचना पट्‍।

पोस्‍ मानस मंदिर, गांधी हिल्स, वर्धा-442001, (महाराष्ट्र), भारत
Post Manas Mandir, Gandhi Hill, Wardha-442 001, (Maharashtra), India
ईमेल/Email:-saidowalia@yahoo.com, fo@hindivishwa.org, **वेबसाइ‍**/website:www.hindivishwa.org